तूँ है बाबा मेरा

तूँ है बाबा मेरा, मैं हूँ सेवक तेरा।
*मेरी विगड़ी, बनाना तेरा काम है।
छोड़ दी किश्ती हमने, तेरे नाम पर।
*अब किनारे, लगाना तेरा काम है।
तूँ है बाबा मेरा, मैं हूँ ,,,,,,,,,,,,,,,,

दर तेरे आ गया, दुनियाँ छोड़कर* ।
क्यों बैठे हो बाबा जी, मुख मोड़ कर।
होगी बदनामी किसकी, तूँ यह सोच ले।
*लाज रखनी, न रखनी तेरा काम है।
तूँ है बाबा मेरा, मैं हूँ ,,,,,,,,,,,,,,,,

तूँ है नाथों का नाथ, तेरे दर की अदा* ।
अर्ज़ सुन ले बाबा, मेरे दिल की सदा।
मस्त हरदम रहूँ, मस्ती उतरे नहीं।
*ऐसा जाम, पिलाना तेरा काम है।
तूँ है बाबा मेरा, मैं हूँ ,,,,,,,,,,,,,,,,

कैलाश कहता है ख़ाली, नहीं जाऊँगा* ।
जान अपनी मैं कुर्बान, कर जाऊंगा।
तेरी भोली सूरत ने है घायल किया।
*आगे मलहम, लगाना तेरा काम है।
तूँ है बाबा मेरा, मैं हूँ ,,,,,,,,,,,,,,,,

अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27393/title/tu-hai-baba-mera

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |